दिनांक 26.05.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर श्री देवेंद्र यादव की मौजूदगी में बैंक ऑफ बड़ौदा ने 100 पैकेट सुखा राशन डोनेशन ऑन व्हील्स को दिया दान

भिलाई नगर। डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए दान देने वाले आम नागरिक , समाजसेवी, संगठन के अतिरिक्त बैंक प्रबंधन भी पीछे नहीं है। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल की उपस्थिति में आज बैंक ऑफ बड़ौदा सुपेला भिलाई के द्वारा जरूरतमंदों की मदद के लिए 100 पैकेट सूखा राशन निगम को प्रदान किया गया! इस पैकेट को जरूरतमंदों के लिए शीघ्र ही जोन कार्यालय को भेजा जा रहा है! बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रदान किए गए पैकेट में चावल , दाल और तेल शामिल है , महापौर ने इस सहयोग के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है! लॉक डाउन में भूखे , गरीब, असहाय एवं इसी प्रकार के अन्य लोगों तक सहायता प्रदान करने लोगों ने अपने घर पर ही रहकर डोनेशन ऑन व्हील्स वाहन की मदद से राहत पैकेट , सब्जियां इत्यादि प्रदाय करके सहयोग किया है , निगम प्रशासन ऐसे दानवीरों को धन्यवाद ज्ञापित करता है! डोनेशन ऑन व्हील्स से प्राप्त राहत सामग्री को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है इसके लिए जोन कार्यालय को राशन सामग्री प्रदाय की जा रही है तथा वितरण का कार्य जोन स्तर से किया जा रहा है! मजदूर सहायता केंद्र में भी दानदाता खुल कर दान कर रहे हैं और स्वयं उपस्थित होकर प्रवासी मजदूरों की मदद कर रहे हैं!